wagadsandesh.com

Title Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-81 सागवाड़ा, शुक्रवार, 19 नवम्बर, 2021 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## मकान में कॉल सेंटर?, खुलासा नही हो पाया, पुलिस अभी तक कर रही पूछताछ

* जिला स्पेशल पुलिस टीम ने बीती रात पुनर्वास कॉलोनी में एक किराए के मकान से 3 लड़कियां व 5 लड़कों को डीटेन किया
* ऑनलाइन ठगी का है मामला,8 मोबाइल और 5 लैपटॉप बरामद

**डूंगरपुर।** जिला स्पेशल पुलिस टीम ने बीती रात को सागवाडा की पुनर्वास कॉलोनी में एक किराए के मकान में चल रहे फर्जी कॉल सेंटर के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाली गैंग पर बडी कार्रवाई की है। डीएसटी ने मुम्बई की 3 लड़कियो व 5 लड़को को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। जिला स्पेशल पुलिस टीम के प्रभारी दिलीपदान ने बताया कि लोगो से ऑनलाइन खरीदारी व अन्य तरीकों से झांसा देकर ठगी की वारदातें बढ़ रही थी, जिस पर लोगो की शिकायतें मिल रही थी। इस पर जांच के दौरान कई अहम सुराग मिले और गुरुवार देर रात को डीएसटी के हेड कॉन्स्टेबल नवीन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सागवाडा थाना क्षेत्र के पुनर्वास कॉलोनी एक किराये के मकान पर दबिश दी।

डीएसटी की कार्रवाई से फर्जी कॉल सेंटर में हड़कंप मच गया। डीएसटी ने कॉल सेंटर से 3 लड़कियों व 5 लड़को को पकड़ा है। ये लड़के मुंबई के बताए जा रहे है। मौके पर लोगों को फर्जी कॉल कर झांसा देने के लिए 8 मोबाइल और 5 लैपटॉप बरामद किए है।

आरोपियों की ओर से गूगल या अन्य सोश्यल साइट के माध्यम से देश-विदेश के लोगो से खरीदारी का झांसा देने और ऑनलाइन ठगी करने की बात सामने आई है। डीएसटी ने इस कार्रवाई के बाद पकड़े गए सभी 8 आरोपियों के साथ जब्त मोबाइल व लैपटॉप सागवाडा थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। अब मामले में आगे की कार्रवाई सागवाडा पुलिस की ओर की जा रही है। हालांकि फिलहाल पुलिस ने इस कार्रवाई को लेकर अभी तक कोई खुलासा नहीं किया है। इधर, सागवाड़ा पुलिस इस मामले में अभी तक कोई खुलासा नहीं कर पाई है। दिनभर डीटेन किये गए लड़को से पूछताछ की जाती रही। इस मामले में एक स्थानीय युवक भी संदेश के घेरे में है।

## तीन बड़े मंत्रियों ने की इस्तीफे की पेशकश

**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अजय माकन जयपुर पहुंचे हैं। यहां उन्होंने बड़ा बयान दिया है। अजय माकन ने बताया है कि राजस्थान के तीन मंत्रियों ने इस्तीफे की पेशकश की है। तीनों मंत्रियों ने सोनिया गांधी को पत्र लिखकर मंत्रिपद छोड़कर संगठन के लिए काम करने की इच्छा जताई है। इनमें रघु शर्मा, गोविंद सिंह डोटासरा और हरीश चौधरी का नाम शामिल है। माना जा रहा है कि 12-15 नए चेहरों को अवसर मिल सकता है। में टिकट वितरण में महिलाओं की भागीदारी को लेकर प्रियंका गांधी के फॉर्मूले के तहत राजस्थान में दो या तीन विधायकों को मंत्री बनाया जा सकता है. गहलोत के मंत्रिमंडल पुनर्गठन के फॉर्मूले में मिशन 2023 की छाप दिखेगी। पार्टी को चुनाव जिताने वाले और व्यापक प्रभाव वाले विधायकों को अवसर मिलेगा। एक व्यक्ति एक पद का सिद्धान्त लागू होगा। जाट नेता के तौर पर रामलाल जाट और महादेव सिंह खण्डेला को मौका मिल सकता है। आदिवासी क्षेत्र से महेंद्र जीत सिंह मालवीय को भी मंत्री बनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के लिए मंत्रिमंडल पुनर्गठन में सभी नेताओं को जगह देना संभव नहीं है, लेकिन राजस्थान में कांग्रेस के सियासी संकट के समय जो विधायक मजबूती से अशोक गहलोत के साथ खड़े रहे थे उन विधायकों को भी निश्चित तौर पर बड़ा अवसर मिलने वाला है। खास तौर पर छत्तीसगढ़ की तर्ज पर राजस्थान में 15 संसदीय सचिव बनाए जा सकते हैं।

## स्व. इंदिरा गांधी की जयंती मनाई

**डूंगरपुर।** जिले में कांग्रेस की ओर से आज पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई। इसी के तहत जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेस कार्यालय में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा व अन्य कांग्रेसियों ने इंदिरा गांधी की तस्वीर पर पुष्प माला अर्पित करते हुए इंदिरा गांधी को नमन किया और उन्हें याद किया। वही इसके बाद गोष्ठी का भी आयोजन हुआ। इस दौरान विधायक घोघरा ने गोष्ठी को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में इंदिरा गांधी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने देश की एकता व अखंडता से कोई समझौता नही किया। उन्होंने स्वर्गीय गांधी के बताए गए मार्ग पर चलने और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही देशहित में उनके द्वारा किये गए कार्यो को वर्तमान पीढ़ी को बताने पर जोर दिया। इस मौके पर अन्य कांग्रेसी नेताओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

## देश भक्ति एवं राष्ट्र निर्माण पर ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता 20 को

**सागवाड़ा।** देश भक्ति एवं राष्ट्र निर्माण पर ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन नेहरू युवा केंद्र संगठन के ज़िला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार मीणा के निर्देशानुसार ब्लॉक स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन सागवाड़ा के राजकीय गौरीशंकर उपाध्याय उच्च माध्यमिक विद्यालय भीलूड़ा में किया जा रहा है।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारत सरकार के युवा मामले एवं प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 20 नवंबर को ब्लॉक सागवाड़ा के राजकीय गौरीशंकर उपाध्याय उच्च माध्यमिक विद्यालय भीलूड़ा में किया जा रहा है जिसमें प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को जिला स्तर भेजा जाएगा जिला स्तर पर प्रथम युवा मंडल के सदस्य एवं प्रतिभागियों को सूचित किया जाता है कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 10 बजे राजकीय गौरीशंकर उपाध्याय उच्च माध्यमिक विद्यालय भीलुड़ा में उपस्थित हो जाए व केवल 18-29 वर्ष के युवा सागवाड़ा ब्लॉक का प्रतिभागी ही प्रतियोगिता में भाग ले सकता है जानकारी राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक संगीता खाट कपिल यादव ने दी।

## कृषि कानून वापस लेने से बैकफुट पर भाजपा

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान हित को ध्यान रखते हुए तीनों कृषि कानून वापस लेने की घोषणा की है। इसे लेकर विपक्ष आक्रामक मोड पर आ गया है। मोदी सरकार के इस फैसले से राजस्थान भाजपा के आगामी दिनों में होने वाले विरोध—प्रदर्शन पर भी असर साफ दिखाई देगा। अब तक भाजपा राज्य की अशोक गहलोत सरकार को किसान कर्जामाफी को लेकर लगातार घेर रही थी तो कांग्रेस भी कृषि कानूनों को लेकर मोदी सरकार पर हमला बोल रही थी। अब कानून वापस ले लिया गया है। ऐसे में सत्तापक्ष को भाजपा के घेरने का बैठे बैठाए मुद्दा मिल गया है। ऐसे में अगले महीने 15 दिसंबर को होने वाले विरोध—प्रदर्शन के लिए भाजपा को दोबारा से रणनीति तैयार करनी होगी।

## स्टेट बैंक मे दीपावली मिलन आयोजित



**बांसवाड़ा।** स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया परतापुर गढ़ी शाखा द्वारा दीपावली मिलन 2021कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि पूर्व प्रबंधक अजीत कोठिया थे। अध्यक्षता एडवोकेट राज कुमार लखानी ने की। प्रारम्भ मे शाखा प्रबंधक नवल किशोर शर्मा ने अतिथियों का माल्यार्पण द्वारा स्वागत कर दीपोतस्व 2021के लिए शुभकामनायें दी। उन्होंने शाखा के सभी ग्राहकों की सुख समृद्धि हेतु कामना की. इस अवसर पर पूर्व प्रबंधक अजीत कोठिया ने स्टेट बैंक में अपना पूरा पूरा विश्वास बनाए रखने ग्राहकों का आभार माना। इस अवसर पर एडवोकेट राजकुमार लखानी मे अपने पूरे कैरियर मे उच्च स्तरीय ग्राहक सेवाऐ देने के लिए सेवानिवृत प्रबंधक अजीत कोठिया का माल्यार्पण कर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर फील्ड ऑफिसर राजेंद्र कुमार एवं एडवोकेट नागर साहब भी उपस्थित थे। आभार नवल किशोर शर्मा ने माना।

## मोदी ने कृषि कानून वापस लेकर कांग्रेस की रणनीति पर फेरा पानी

**नई दिल्ली।** पंजाब और उत्तर प्रदेश के बाद अगर किसी राज्य में किसान आंदोलन ने भाजपा के लिए चुनौतियां बढ़ाई हैं, तो वो उत्तराखंड है। हालांकि, उत्तराखंड राज्य की परिस्थितियां अन्य राज्यों से भिन्न है। यहाँ कुछ किसान इसका पूर्ण रूप से समर्थन कर रहे थे तो कुछ इसके विरोध में थे। इसी को मद्देनजर रखते हुए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने अपनी रणनीतियां बनाई थीं, जिसपर अब पानी फिर गया है। उत्तराखंड चुनावों से ठीक पहले मोदी सरकार द्वारा कृषि कानून को वापस लेना भाजपा के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है। यहाँ कई क्षेत्रों के किसान भाजपा से नाराज चल रहे थे।

## चुनावी वादा पुरा, मोक्ष वाहिनी का लोकार्पण

### शवयात्रा के लिए नगरपालिका उपलब्ध कराएगी मोक्ष वाहिनी




**सागवाड़ा।** पार्थिव देह को ससम्मान मोक्षधाम तक पहुंचाने के लिए शुक्रवार को शहर को मोक्ष वाहिनी समर्पित कर दी। शहरवासियों को अपने परिजनों की अंतिम यात्रा के लिये परेशान नहीं होना पड़ेगा। पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने अपना चुनावी वादा पूरा करते हुए मोक्ष वाहिनी तैयार करवा ली है। नगर पालिका परिसर में शुक्रवार को मोक्ष वाहिनी का लोकार्पण किया गया।पालिका उपाध्यक्ष राजुमामा शेख, चंद्रशेखर संघवी, बंधु पाठक और पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मोहिल की मौजूदगी में मोक्ष वाहिनी का लोकार्पण किया गया। इस वाहिनी को निशुल्क सेवा होगी। इसके लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। पालिका उपाध्यक्ष राजुमामा शेख ने बताया कि चुनाव में जो वादा किया था उसे पूरा कर दिया गया है। पालिका की ओर से जन सेवा के कार्य किये जा रहे है। पालिका की पहली साधारण सभा की बैठक में ही मोक्ष वाहिनी का प्रस्ताव लिया गया था।

कार्यक्रम में भारत जोशी, इन्द्रजीत मकवाना, इस्माइल बिल्ला, विशाल यादव, संजय जैन, प्रकाश खटिक, निलेश अहारी, खुशपाल गलालिया, मनोज कंसारा, रोशन व्यास, मामन वर्गिस, अक्षय सेवक, धवल सुथार, मनोज भोई, प्रवीण भोई, हेमंत जोशी, पंकज शर्मा मौजूद रहे। पूजा अर्चना सिधार्त शर्मा ने की। नगर पालिका हेल्पलाइन नंबर 72318 09936 पर फोन कर मोक्ष वाहिनी मंगवाई जा सकती है।

## मुख्यमंत्री ने स्व. इंदिरा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर जेडीए सर्किल स्थित उनकी प्रतिमा के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित किए। गहलोत ने स्व. गांधी को नमन किया और देश के विकास में उनके योगदान का स्मरण किया।

## मौसम- 20 को भी दिखेगा असर 21 से मौसम साफ होगा, धूप निकलेगी

### डूंगरपुर में न्यूनतम तापमान 19 डिग्री तक पहुंचा

**डूंगरपुर।** प्रदेश में मौसम में आए बदलाव ने सर्दी बढ़ा दी है। उदयपुर, कोटा, सिरोही, राजसमंद, बारां जिलों के 15 से ज्यादा जगहों पर पिछले 24 घंटे के दौरान एक से लेकर साढ़े चार इंच तक बारिश हुई। सबसे ज्यादा बारिश उदयपुर जिले के सलूम्बर में 102MM (4 इंच) दर्ज हुई।जयपुर मौसम विभाग से मिली रिपोर्ट को देखे तो उदयपुर, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़, कोटा, बारां, राजसमंद, सिरोही जिलों के 37 इलाकों में 24 से लेकर 102रू्रतक बारिश हुई है।भीलवाड़ा, उदयपुर, डूंगरपुर में भी दिन का अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया।

जयपुर मौसम केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अरब सागर में बने सिस्टम और एक पश्चिमी विक्षोभ के पास होने के कारण मौसम में यह बदलाव देखने को मिला है। उन्होंने बताया कि मौसम का यह असर 20 नवंबर तक रहेगा। 21 नवंबर से मौसम साफ होने लगेगा और धूप निकलेगी।

### कुशलगढ़ के पोटलिया में प्रशासन गांवों के संग अभियान शिविर

## जनजाति क्षेत्रों का प्राथमिकता से हो रहा विकास : गहलोत



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि राज्य सरकार जनजाति क्षेत्रों के विकास के लिए निरन्तर प्रयत्नशील है। टीएसपी क्षेत्र की जरूरतों तथा विकास से जुड़े मुद्दों को सरकार प्राथमिकता से पूरा करेगी। गहलोत शुक्रवार को बांसवाड़ा जिले की कुशलगढ़ पंचायत समिति के पोटलिया ग्राम पंचायत मुख्यालय पर प्रशासन गांवों के संग अभियान शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शिविर में सभी 22 विभागों द्वारा स्थापित काउन्टरों पर संचालित गतिविधियों का निरीक्षण किया और वहाँ किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अच्छे कार्यों के लिए संबंधित अधिकारियों की पीठ भी थपथपायी। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से इन शिविरों का पूरा लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि वे शिक्षा पर जोर दें। अपने बेटे-बेटियों को पढ़ाएं तथा वर्तमान समय की मांग को देखते हुए अंग्रेजी की भी पढ़ाई करें। इससे उनके भविष्य को संवारने में मदद मिलेगी और शिक्षा प्राप्त कर बच्चे अपने क्षेत्र, प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकेंगे। मुख्यमंत्री को कार्यक्रम में तीर-कमान भेंट किए गए तथा पारम्परिक जैकेट पहनाकर स्वागत किया गया। गहलोत ने बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीण स्त्री-पुरुषों को देखकर प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि इनसे हमें जनहित में दोगुने जोश एवं उत्साह से कार्य करने की ऊर्जा मिलती है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कोरोना महामारी की पहली एवं दूसरी लहर के दौरान बेहतर प्रबन्धन किया। जिसकी हर तरफ सराहना हुई है।

## बूस्टर डोज की आवश्यकता केन्द्र संक्रमण रोकने के लिए बढ़ाएं टेस्टिंगः गहलोत



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विगत दिनों में प्रदेश के कुछ जिलों में कोरोना पॉजिटिव केसेज की संख्या में वृद्धि पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि दूसरी लहर के अनुभवों तथा इस वायरस की प्रकृति को देखते हुए फिर से टेस्टिंग, ट्रेकिंग और ट्रेसिंग की रणनीति को मजबूती से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि संक्रमण को प्राथमिक स्तर पर ही रोकना जरूरी है ताकि प्रदेशवासियों को तीसरी लहर से बचाया जा सके। गहलोत शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर कोरोना संक्रमण तथा मौसमी बीमारियों की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में सेम्पलिंग बढ़ाई जाए। विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां संक्रमण के मामले अधिक आ रहे हैं। साथ ही, गहन कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग पर फोकस किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर कोरोना की बूस्टर डोज को अनुमति देने का आग्रह किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसा जानकारी में आया है कि दुनिया के लगभग 35 मुल्कों में बूस्टर डोज लगाई जा रही है। ऐसे में जरूरी है कि देश में भी लोगों को तीसरी लहर से बचाने के लिए केन्द्र सरकार बूस्टर डोज की आवश्यकता के संबंध में जल्द ही उचित निर्णय लेकर राज्यों को दिशा-निर्देश जारी करे। गहलोत ने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने कोविड की पहली एवं दूसरी लहर के दौरान बेहतर प्रबंधन कर तमाम आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। अस्पतालों में आईसीयू बैड, ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट, शिशु गहन चिकित्सा इकाई सहित अन्य आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि डेंगू सहित अन्य मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए फोगिंग पर जोर दिया जाए। चिकित्सा मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने कहा कि जहां-जहां पॉजिटिव केस आ रहे हैं, वहां लोगों की मोबिलिटी पर अंकुश लगाया जाए तथा रोगी को आवश्यक रूप से आइसोलेशन में रखा जाए। उन्होंने प्रदेश के सभी जिलों में टेस्टिंग बढ़ाने के भी निर्देश दिए। शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य वैभव गालरिया ने प्रस्तुतीकरण में बताया कि एक्टिव केसेज की संख्या 95 हो गई है। इसे देखते हुए सेम्पलिंग की संख्या को बढ़ाकर 25 हजार प्रतिदिन करने के निर्देश दिए गए हैं। मॉल्स, स्कूल तथा बाजारों में रेन्डम सेंम्पलिंग भी की जा रही है। साथ ही, वायरस के वेरियंट की पहचान के लिए एसएमएस मेडिकल कॉलेज स्थित लैब में जीनोम सिक्वेंसिंग की जा रही है। एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर भण्डारी ने बताया कि वैक्सीनेशन के बाद लोगों में प्रतिरोधक क्षमता की जांच के लिए सीरो सर्वे किया जा रहा है, जिसमें फ्रंटलाइन वर्कर, हैल्थ केयर वर्कर तथा आमजन को सम्मिलित किया गया है। वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि हमें लगातार सतर्कता बनाए रखनी होगी तथा वैक्सीनेशन और मास्क पहनने में किसी प्रकार की ढिलाई उचित नहीं है। बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग, मुख्य सचिव निरंजन आर्य, प्रमुख सचिव गृह अभय कुमार, प्रमुख सचिव वित्त अखिल अरोरा, शासन सचिव स्वायत्त शासन भवानी सिंह देथा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।